देहरादून को प्रेषित पत्र की छायाप्रति का0सं0 11सी, अध्यक्ष जिला पंचायत को प्रेषित पत्र की छायाप्रति का0सं0 12सी, जिला पंचायत देहरादून द्वारा जिलाधिकारी देहरादून को प्रेषित पत्र दिनांकित 05.05.2006 की छायाप्रति का0सं0 13सी ,सूची 143सी से न्यायालय सिविल जज(जू0डि0) विकासनगर, देहरादून मूलवाद सं0 763/2006 गंभीर सिंह बनाम अपर्णा एक्सप्लोजिव में पारित आदेश दिनांकित 29. 08.2008 की सत्यापित प्रतिलिपि का0सं0 144सी1/2, अनिल कुमार ने नाम से जारी मेडीकल प्रमाणपत्र की मूल प्रति दिनांकित 31.08.2008 का0सं0 145सी1/1, राजकीय दून चिकित्सालय की मूल पर्ची दिनांकित 23.05.2008 का0सं0 145सी1/2, प्रश्नगत रास्ते के फोटोग्राफ का0सं0 146सी1/1 लगायत 146सी1/13, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को प्रेषित प्रार्थनापत्र दिनांकित 15.09. 2008 की छायाप्रति का0सं0 147सी1/1, दैनिक जागरण अखबार की मूल प्रति दिनांकित 12.09.2008 का0सं0 148सी1/1 ; सूची 150सी1 से प्रश्नगत रास्ते के फोटोग्राफ का0सं0 151सी1 लगायत 155सी1, दैनिक जागरण अखबार की मूल प्रति दिनांकित 16.09.2008 का0सं0 156ए, सूची 159सी1 से दिनांक 29.09.2008 को टी0ए0 दाखिल कर सूचना प्राप्त कर मूल रूप में दाखिल का0सं0 160सी1, सूची 167सी1 से राजस्व सजरा मौजा चौकी परगना पछवादून सन् फसली 1345 की प्रमाणित मूल प्रति का0सं0 168सी1, सूची 172सी1 से चालानी रिपोर्ट दिनांकित 22. 09.2008 की छायाप्रति का0सं0 173सी1, सवाल पता दिनांकित 24.10.2008 की छायाप्रति का0सं0 174सी1, रिपोर्ट चालानी अंतर्गत धारा 107, 116 की छायाप्रति का0सं0 175सी1, सवाल पते की छायाप्रति का0सं0 176सी1/1, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रेषित प्रार्थनापत्र दिनांकित 01.11.2008 का0सं0 177सी1, लगायत नोटिस बजरिये टेलीग्राम दिनांकित 01.11.2008 178सी1/1 लगायत 178सी1/2, रसीद नोटिस बजरिये टेलीग्राम दिनांकित 01.11.2008 की छायाप्रति का0सं0 179सी1 तथा माननीय उच्चतम न्यायालय का न्याय निर्णयन Vareed Jacob Vs. Sosamma Geevarghese & others AIR SC 3992 , सूची 194सी1 से लोक सूचना द्वारा प्राप्त सूचना मूल रूप में पत्रांक 413/रा0लि0–2009 दिनांकित 14.01. 2009 का0सं0 195सी2/1 लगायत 195सी2/3, लोक सूचना द्वारा प्राप्त सूचना मूल रूप में पत्रांक 1865/स्थापना/ 2008–09 दिनांकित 28.01.2009 का0सं0 196सी2/1 तथा प्रमाणित सजरा ग्राम चौकी दिनांकित 05.02.2009 का0सं0

16— प्रतिवादी की ओर से अपने अभिकथनों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य में सूची 103सी2 से नकल नक्शा ग्राम चौकी परगना पछवादून जिला देहरादून फसली 1345 की प्रमाणित प्रति का0सं0 104सी1/1, नकल नक्शा ग्राम चौकी परगना पछवादून जिला देहरादून फसली 1400की प्रमाणित प्रति का0सं0 104सी1/2, नकल खसरा मौजा चौकी परगना पछवादून तहसील विकासनगर खसरा नंबर 647, 662, 667, 668, 670, 672 फसली 1399 की प्रमाणित प्रति का0सं0 104सी1/3, पुनरीक्षित खसरा ग्राम चौकी परगना पछवादून तहसील विकासनगर की प्रमाणित प्रति का0सं0 104सी1/4, वादग्रस्त रास्ते के फोटोग्राफ का0सं0 104सी1/5 लगायत 104सी1/9, सूची 21 सी 2 से नकल रिपोर्ट दिनांक 02.11.2006/23.11.2006/23.11.2006 लेखपाल/कानूनगो/तह0मौजा चौकी परगना पछवादून तहसील विकासनगर जिला देहरादून का0सं0 21सी2/2 लगायत 21सी2/3, प्रार्थनापत्र दिनांकित 10.08.2006 की प्रमाणित प्रति का0सं0 21सी2/4,सूची 246सी2 उद्धरण खतौनी ग्राम चौकी विकासनगर परगना पछवादून फसली वर्ष 1410—1415 की सत्यापित प्रति का0सं0 247सी2 न्यायालय प्रस्तुत की गयी है।

17— मेरे द्वारा उभय पक्षकार के विद्वान अधिवक्तागण की बहस सुनी गयी तथा पत्रावली पर उपलब्ध समस्त मौखिक तथा दस्तावेजी साक्ष्य का अवलोकन किया गया।

निष्कर्ष

18— निस्तारण वाद बिन्दु संख्या—1 व 3

वाद बिन्दु सं0 1 इस सम्बन्ध में विरचित किया गया है कि क्या विवादित रास्ता लंबे समय से विद्यमान सार्वजनिक रास्ता है, जिसका प्रयोग वादीगण, गांववाले एवं अन्य लोग लंबे समय से बिना रोकटोक कर रहे हैं ? यदि हां तो प्रभाव ?

वाद बिन्दु सं0 3 इस सम्बन्ध में विरचित किया गया है कि क्या विवादित रास्ता प्रतिवादी का व्यक्तिगत रास्ता है ? यदि हां तो प्रभाव ?

19. उपरोक्त वाद बिन्दु एक दूसरे से सम्बन्धित होने के कारण सुविधा की दृष्टि से इनका निस्तारण एक साथ किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

NOTARY Rajender Singh Negi Advocate Dehradun District Reg.No.19(01)2002 GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

वाद बिन्दु सं0 1 का सृजन वादीगण के अभिवचनों के आधार पर किया

20— वादीगण द्वारा वर्तमान वाद प्रतिवादीगण के विरूद्ध वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा हेतु योजित किया गया है। जहां तक प्रश्नगत रास्ता, सार्वजनिक रास्ता होने का प्रश्न है, तो यह स्पष्ट है कि वादीगण के द्वारा अपने अभिवचनों में यह अभिकथन किया गया है कि ग्राम चौकी(धोलार) तहसील विकासनगर तक 20 से 30 फीट चौड़ा मोटर मार्ग बना हुआ है, जिस पर देहरादून से ग्राम चौकी तथा इससे आगे सेला चौकी व सेला मजरा व अन्य गांवों में सवारी गाड़ियां से सदियों से बेरोक टोक आज तक आती–जाती है, जो एक सार्वजनिक रास्ता है, तथा प्रश्नगत रास्ते के अलावा संबंधित गांवों में आने–जाने व आवागमन हेतु अन्य कोई रास्ता उपलब्ध नहीं है।

21— ग्राम चौकी परगना पछवादून जिला देहरादून बन्दोस्त सन् फसली 1400 में प्रश्नगत रास्ते को सरकारी व सार्वजनिक रास्ते के रूप में दर्शाया गया है। प्रश्नगत रास्ते की उत्तर दिशा में प्रतिवादी की भूमि है, जो अर्पणा एक्सप्लोसिव गोदाम के साथ प्रतिवादी का गार्डरूम है। प्रतिवादी ने अपने गार्डरूम से पहले एक गेट लगा दिया है।

22— वादी द्वारा अपने कथनों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य में सूची 9सी से उद्धरण नकल नक्शा मौजा चौकी परगना परवादून बन्दोबस्ती नक्शा फसली 1400 की प्रमाणित प्रति का0सं0 10सी, आयुक्त महोदय गढ़वाल कैम्प कार्यालय देहरादून को प्रेषित पत्र की छायाप्रति का0सं0 11सी, अध्यक्ष जिला पंचायत को प्रेषित पत्र की छायाप्रति का0सं0 12सी, जिला पंचायत देहरादून द्वारा जिलाधिकारी देहरादून को प्रेषित पत्र दिनांकित 05.05.2006 की छायाप्रति का0सं0 13सी तथा सूची 167सी1 से राजस्व सजरा मौजा चौकी परगना पछवादून सन् फसली 1345 की प्रमाणित मूल प्रति का0सं0 168सी1 न्यायालय प्रस्तुत की गयी है।

23— इसके विपरीत प्रतिवादी द्वारा अपने प्रतिवादपत्र/प्रतिदावा का0सं0 18ए में अभिकथन किया गया है कि प्रतिवादी द्वारा उक्त गेट उसके द्वारा अपने व्यक्तिगत रास्ते पर लगाया गया है, जो कि कई वर्षों से मौजूद है। जिसका वह इस्तेमाल कर रहा है। प्रतिवादी ने 6 फिट चौडे व्यक्तिगत रास्ते का निर्माण अपने निजी जरूरतों के लिए किया है, जिस पर उसने गेट लगाया है।

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg. No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

24— प्रतिवादी की ओर से दस्तावेजी साक्ष्य में सूची 103सी2 से नकल नक्शा ग्राम चौकी परगना पछवादून जिला देहरादून फसली 1345 की प्रमाणित प्रति का0सं0

1399 की प्रमाणित प्रति का0सं0 104सी1/3, पुनरीक्षित खसरा ग्राम चौकी परगना पछवादून तहसील विकासनगर की प्रमाणित प्रति का0सं0 104सी1/4, वादग्रस्त रास्ते के फोटोग्राफ का0सं0 104सी1/5 लगायत 104सी1/9 तथा सूची 21सी2 से नकल रिपोर्ट दिनांक 02.11.2006/ 23.11.2006/ 23.11.2006 लेखपाल/कानूनगो/तह0मौजा चौकी परगना पछवादून तहसील विकासनगर जिला देहरादून का0सं0 21सी2/2 लगायत 21सी2/3, प्रार्थनापत्र दिनांकित 10.08.2006 की प्रमाणित प्रति का0सं0 21सी2/4 न्यायालय प्रस्तुत की गयी है।

25— प्रस्तुत मामले में वादी द्वारा मौखिक साक्ष्य के रूप में पी0डब्लू0–1 अनिल श्रौतिया को परीक्षित कराया गया है।

26— वादी के साक्षी पी0डब्लू0–1 अनिल श्रौतिया ने अपने वादपत्र के कथनों का समर्थन किया है तथा प्रतिपरीक्षा में कथन किया है कि यह दावा हमने व्यक्तिगत हैसियत से प्रस्तुत किया है। जमीन की कोई खतौनी या मल्कियत का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया है। यह कहना सही है कि हमने यह नहीं लिखा कि हमारी कौन सी जमीन है किस खसरे में है और कहां है। वह विवादित रास्ते का खसरा नंबर नहीं बता सकता। विवादित रास्ते की कोई उसने दाखिल नहीं की है। जिस आर0टी0आई0 सूचना का उसने अपने शपथपत्र में जिक्र किया है, वह पत्रावली पर का0सं0 195 सी है। रिपोर्ट का0सं0 195 सी/2 में रास्ते का वर्णन है, परन्तु सार्वजनिक रास्ता नहीं लिखा है। सजरे में रास्ता दिया है, उसने 1345 फसली एवं 1400 फसली के सजरे नहीं देखे हैं। तहसील के रिकॉर्ड का निरीक्षण उसने नहीं किया।

27— डी0 डब्लू0–2 श्री हुकमचन्द्र पाल लेखपाल ने अपनी प्रतिपरीक्षा में कथन किया है कि श्री कोविद अहुजा की अर्पणा बारूद गोदाम में अन्य सहखातों सहित कुल भूमि डेढ हैक्टेयर से अधिक है। पहले सड़क पर ग्राम समाज पड़ता है, फिर बीच में वन विभाग, फिर काश्तकार लोग हैं। इस सड़क का क्या नाम है, उसकी जानकारी में नहीं है। जांच के समय उसके पास मौके पर जांच स्थल का सजरा था। सरकारी सजरे में जो सड़कें दिखायी जाती हैं, वह सरकारी भी होती हैं और निजी भी होती हैं, इन्हें शामिल जोत भी कहते हैं। प्रश्नगत रास्ते का वह भाग, जो ग्राम समाज व वन विभाग का है, उसके बाद कोविद आहुजा की भूमि है व आदि की भूमि है। यह बात सही है कि सजरे में खसरा नंबर लिखा होता है। यह नहीं

NOTARY Rajinder Singh Negi Advocate Dehradun District Regd. No. 29(01)2002 GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

अमीन की आख्या का0सं0 121ए2/1 प्रस्तुत की गयी है। अमीन की आख्या का0सं0 121ए2/1 इस प्रकार है कि स्थल निरीक्षण पर पाया गया कि ग्राम सेला तक पहुंचने के लिए भिगोली ग्राम से मार्ग बना हुआ है। स्थल निरीक्षण के दौरान विवादित रास्ता किसी भी ग्रामवासी द्वारा आवागमन के लिए प्रयोग किया जाता हुआ नहीं पाया गया।

29— प्रतिवादी द्वारा प्रश्नगत रास्ते के संबंध में लेखपाल की आख्या का0सं0 21सी2/2 प्रस्तुत की गयी है। लेखपाल की आख्या 21सी2/2 इस प्रकार है कि भूमि खसरा 137 जिसका बिन्दुवार आख्या उपरोक्त बिन्दुवार स्थलीय निरीक्षण कर नजरिये नक्शे में संकेतवार दर्ज कर दर्शा दी गयी तथा उक्त में प्रत्येक स्वामित्व वाले का अपनी—अपनी भूमि पर काबिज हैं। प्रार्थी की कोविद आहुजा जो अर्पण एक्पलोजिव का प्रबंधक है, के नाम व अपने नाम खसरा सं0 137 में कुल रकबा 0. 1340 हैक्टेयर शामिल जोत रास्ता है तथा वह उसमें अपने गोदाम में आने—जाने में प्रयोग करता है तथा उपरोक्त रास्ता किसी अन्य के उपयोग वर्तमान में नहीं ग्राम सेला व खारा खेत के लोग पैदल के रूप में उसका प्रयोग करते हैं। यह रास्ता शामिल जोत के अंतर्गत आता है तथा निजी प्रयोग आ रहा है। इसकी लंबाई 186मीटर है। लेखपाल की आख्या का0सं0 21सी2/2 से यह तथ्य भी स्पष्ट नहीं होता है कि रास्ता सार्वजनिक या व्यक्तिगत रास्ता है।

30— यद्यपि वादी सार्वजनिक रास्ता होने का कथन करते हैं, किन्तु उसके द्वारा ग्राम सभा के किसी पदाधिकारी अथवा संबंधित लोक सेवक को परीक्षित नहीं कराया गया है। वादी के पास पर्याप्त अवसर थे, कि वे स्वयं अथवा न्यायालय के माध्यम से ऐसे साक्षी को न्यायालय में उपस्थित कराकर अपने कथनों के समर्थन में परीक्षित करा सकते थे। वादी द्वारा ऐसा कोई दस्तावेज दाखिल नहीं किया है, जो यह साबित करता हो कि प्रश्नगत रास्ता सार्वजनिक रास्ता है।

31— वादी ने अपने कथनों के समर्थन में सूची का0सं0 194सी1 से लोक सूचना द्वारा प्राप्त सूचना मूल रूप में पत्रांक 413/रा0लि0—2009 दिनांकित 14.01.2009 का0सं0 195सी2/2 जो निम्नवत है:— उपरोक्त ग्राम चौकी तिराहा से कच्चा मोटर मार्ग जो खारा खेत व सेला को जोड़ता है। वह संलग्न राजस्व नक्शे में पीले रंग से चिन्हित कर दिया है। उपरोक्त कच्चे मोटर मार्ग की लंबाई 1750 मीटर है तथा चौढाई लगभग 20 फिट है। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि सूचना के

NOTARY Rajender Singh Negi Advocate Dehradun District UTTARAKHAND (INDIA)

32– वादी द्वारा अपने कथनों के समर्थन में का0 सं0 10सी नकल बन्दोबस्ती नक्शा प्रस्तुत किया है। उक्त नक्शे से यह स्पष्ट नहीं होता है कि यह सार्वजनिक रास्ता है या व्यक्तिगत रास्ता है। यह भी स्पष्ट नहीं होता है कि प्रतिवादी ने गेट सार्वजनिक रास्ते में लगाया है या व्यक्तिगत रास्ते में लगाया है।

33– वादी द्वारा प्रस्तुत सजरा में लाल रंग से जो रास्ते को दर्शाया गया है, इस नक्शे में प्रतिवादी की संपूर्ण संपत्ति का विवरण अंकित नहीं है। चूंकि विवाद रास्ते से संबंधित है, ऐसे में पत्रावली पर वादी ने कोई प्रमाण नहीं दिया है, जिससे स्पष्ट होता हो कि प्रतिवादी द्वारा उक्त रास्ते को किस प्रयोजन हेतु प्रयोग में लाया जा रहा है। लेखपाल की आख्या तथा आर0 टी0 आई के माध्यम से प्राप्त सूचना में रास्ते की लम्बाई में विभिन्नता है।

34– वादी द्वारा अपने कथनों के समर्थन में जो दस्तावेज पत्रावली पर दाखिल किये हैं इसके अतिरिक्त वादी द्वारा मौखिक साक्ष्य के रूप में अनिल श्रोतिया का शपथपत्र दाखिल किया है। वादी के कथनों के अतिरिक्त पत्रावली पर ऐसा कोई सारवान साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, जिससे वादी के कथनों पर विश्वास किया जा सके।

35–जहां तक विवादित रास्ता प्रतिवादी का व्यक्तिगत रास्ता होने का प्रश्न है इस सम्बन्ध में प्रतिवादी द्वारा अपने प्रतिवाद पत्र में यह अभिकथन किया है कि प्रश्नगत रास्ता उसका व्यक्तिगत रास्ता है, जिस पर उसके द्वारा गेट का निर्माण किया गया है।

36– प्रतिवादी के साक्षी डी0डब्लू0–1 कोविद आहुजा ने अपनी मुख्य परीक्षा में अपने प्रतिवादपत्र/प्रतिदावा के कथनों का समर्थन किया है व प्रतिपरीक्षा में कथन किया है कि उसके गोदाम की भूमि के कितने बैनामे है, उसे याद नहीं। उसे अपने गोदाम की भूमि के खसरा नंबर मालूम नहीं हैं। उसके उपरोक्त गोदाम की कुल भूमि लगभग 45 बीघा है। गार्डरूम के सामने उसका रास्ता है। जहां 7 फिट का रास्ता खत्म होता है, वहां पर फारेस्ट का पिलर है। उसके गोदाम में ग्राम मौके के आसपास दो गांव ग्राम खारा खेत व ग्राम सेला भी है। कागज सं0 10 सी0 1 में लाल रंग से दर्शित रास्ता मौके पर मौजूद है। स्वयं कहा कि उक्त रास्ता मेरे द्वारा स्वयं के लिए तैयार किया गया। नक्शे में लाल रंग से दर्शित प्रश्नगत रास्ता उसने अपनी भूमि में बनाया था। उक्त रास्ता 6.7 फिट चौडा है।

NOTARY Rajendra Singh Negi Advocate Dehradun District UTTARAKHAND (INDIA)

<u>प्रतिवादी का व्यक्तिगत रास्ता है अथवा नहीं। इसको साबित करने के लिए उसके द्वारा विक्रयपत्र या अन्य कोई प्रपत्र दाखिल नहीं किया गया है जिससे रास्ते की सही स्थिति स्पष्ट हो सके। लेखपाल द्वारा दी गयी आख्या से भी यह स्पष्ट नहीं है कि रास्ता सार्वजनिक है या व्यक्तिगत।</u>

38– इस प्रकार पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य से यह तथ्य साबित नहीं होता है कि प्रतिवादी प्रश्नगत रास्ते का स्वामी है। यह तथ्य भी साबित नहीं होता है कि प्रश्नगत रास्ता कितना चौड़ा है तथा कितने वर्ष पूर्व से व्यक्तिगत तौर पर इस्तेमाल में लाया जा रहा है। प्रतिवादी द्वारा अपने प्रतिवादपत्र एवं प्रतिदावे में कथन किया है कि उक्त व्यक्तिगत रास्ता वह 20 वर्ष से ज्यादा से इस्तेमाल में ला रहा है। इस सम्बन्ध में प्रतिवादी द्वारा ऐसा कोई साक्ष्य पत्रावली पर उपलब्ध नहीं कराया गया जिससे साबित हो सके कि वह उक्त रास्ते को बीस वर्षों से इस्तेमाल कर रहा है।

39– उपरोक्त परिस्थितियों में वादी इस तथ्य को साबित करने में असफल रहा है कि प्रश्नगत रास्ता सार्वजनिक रास्ता है। तद्नुसार वाद बिन्दु सं0 1 वादी के विरूद्ध निस्तारित किया जाता है तथा <u>प्रतिवादी द्वारा किए गए अभिकथन पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है।</u> तद्नुसार <u>वाद बिन्दु सं0 3 प्रतिवादी के विरूद्ध नकारात्मक रूप से निस्तारित किया जाता है।</u>

<u>40– निस्तारण वाद बिन्दु संख्या–2</u>

वाद बिन्दु सं0 2 इस सम्बन्ध में विरचित किया गया है कि क्या प्रतिवादी द्वारा अवैध रूप से विवादित रास्ते में अवरोध उत्पन्न कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है ? यदि हां तो प्रभाव ?

<u>इस वाद बिन्दु का सृजन वादीगण के अभिवचनों के आधार पर किया गया है। अतः इसकी सिद्धि का भार भी वादीगण पर है।</u>

<u>**41–** वादीगण द्वारा अपने वादपत्र में अभिकथन किया गया है कि प्रतिवादी द्वारा उक्त सार्वजनिक रास्ते में गेट का निर्माण किया गया है, जबकि इसके विपरीत प्रतिवादी द्वारा अपने प्रतिवाद पत्र में इस तथ्य को अस्वीकार किया गया है।</u>

<u>**42–** इस संबंध में वादी द्वारा अपने कथनों के समर्थन में पत्रावली पर ऐसा कोई मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है, न ही वादी की ओर से प्रस्तुत साक्षी के बयान में आया है, जिससे साबित होता हो कि प्रतिवादी द्वारा</u>

NOTARY
[illegible] Singh Negi
Advocate
[illegible] District
Reg. No. [illegible]
UTTARAKHAND (INDIA)

43— ऐसी परिस्थिति में यह न्यायालय इस मत की है कि वादी यह तथ्य साबित करने में असफल रहा है कि प्रतिवादी द्वारा अवैध रूप से विवादित रास्ते में अवरोध उत्पन्न कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। तद्नुसार वाद बिन्दु सं0 2 वादी के विरूद्ध नकारात्मक रूप से निस्तारित किया जाता है।

44— निस्तारण वाद बिन्दु संख्या—4

प्रस्तुत वाद बिन्दु इस आशय से विरचित किया गया है कि क्या वादीगण वान्छित अनुतोष पाने के हकदार हैं ?

चूंकि वादीगण प्रश्नगत संपत्ति के संबंध में सार्वजनिक रास्ता साबित करने में असफल रहे हैं। अतः वादीगण कोई अनुतोष प्राप्त करने के अधिकारी नहीं प्रतीत होते। तद्नुसार वाद निरस्त किये जाने योग्य है।

45— निस्तारण वाद बिन्दु संख्या—5

प्रस्तुत वाद बिन्दु इस आशय से विरचित किया गया है कि क्या प्रतिवादी वान्छित अनुतोष पाने का हकदार है ?

यह वाद बिन्दु प्रतिवादी के अभिवचनों पर आधारित है। अतः इसकी सिद्धि का भार भी प्रतिवादी पर है।

46— चूंकि प्रतिवादी प्रश्नगत रास्ते के संबंध में अपना स्वामित्व तथा अध्यासन साबित करने में असफल रहा है। अतः प्रतिवादी कोई अनुतोष प्राप्त करने के अधिकारी प्रतीत नहीं होते हैं। तद्नुसार प्रतिदावा निरस्त किये जाने योग्य हैं।

आदेश

वादीगण का वाद प्रतिवादी के विरूद्ध निरस्त किया जाता है। प्रतिवादी का प्रतिदावा वादीगण के विरूद्ध खारिज किया जाता है। पक्षकार अपना—अपना वाद व्यय स्वयं वहन करें। तद्नुसार डिक्री तैयार की जाये।

दिनांक : 13.10.2015

(श्वेता राणा चौहान)
प्रथम अपर सिविल जज, (जू0डि0)
देहरादून।

NOTARY Rajender Singh Negi Advocate Dehradun District GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

उपरोक्त निर्णय आज मेरे द्वारा खुले न्यायालय में हस्ताक्षरित व दिनांकित कर उद्घोषित किया गया।

कार्यालय उप जिलाधिकारी, विकासनगर।

संख्या— 634/पी0ए0—2024 दिनॉक 25 जून, 2024

विषयः— **भूमि की पैमाईश विषयक।**

पुलिस क्षेत्राधिकारी
प्रेमनगर।

उपर्युक्त विषयक कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून के पत्र संख्या वाचक—05/24 दिनांक जून 03, 2024 पर जिलाधिकारी महोदय देहरादून के पृष्ठांकन आदेश संख्या 2333 दिनांक 05.06.2024 के द्वारा इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। जिसके द्वारा उल्लेख किया गया है कि संयुक्त टीम द्वारा मौके पर स्थलीय जॉच किया जाना आवश्यक है।

अतः उक्त के क्रम में प्रकरण की संयुक्त जॉच हेतु दिनांक 5/7/2024 समय 11:30 की तिथि नियत की जाती है।

संलग्नकः— यथोपरि।

उप जिलाधिकारी,
विकासनगर।

प्रतिलिपिः— तहसीलदार विकासनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रश्नगत प्रकरण की संयुक्त जॉच हेतु मौके पर मय अभिलेखों सहित उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

उप जिलाधिकारी,
विकासनगर।

RI (J)
कृ0 नियत तिथि को मय अभिलेख मौके पर उपस्थित रहें।

Rahul
Tahsildar

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg. No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून।

पत्रांक:-वाचक-05/24 दिनांक:-जून 03, 2024

जिलाधिकारी
0 JUN 2024
देहरादून

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद देहरादून।

कृपया श्रीमती प्रतिमा शर्मा पत्नी श्री मनीष कुमार निवासी हरियावाला कला तहसील विकास नगर देहरादून के प्रार्थना पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें ग्राम चौकी तहसील विकासनगर जिला देहरादून के खाता खतौनी संख्या 141 के संख्या 137 एवं 146 आदि पर राजस्व अभिलेखों में अंकित वर्षों पुराने आम रास्ते को प्रतिपक्षी कोविद आहूजा एवं अन्य द्वारा अतिक्रमित कर ध्वस्त करने संबंधी आरोप लगाए गए हैं। मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में संलग्न प्रार्थना पत्र में वर्णित प्रकरण के संबंध में तथ्यात्मक जांच हेतु उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय जांच कर तथ्यात्मक जांच आख्या प्रेषित किए जाने की अपेक्षा की गई है।

यह भी संज्ञान में लाना है कि उक्त प्रकरण को लेकर मौके पर शान्ति व्यवस्था भंग होने की संभावना बनी हुई है, जिस कारण मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में संयुक्त टीम द्वारा मौके पर स्थलीय जांच किया जाना आवश्यक है।

उक्त के क्रम में जनपद पुलिस की ओर से क्षेत्राधिकारी प्रेमनगर श्रीमती रीना राठौर को नामित किया जाता है, अनुरोध है कि प्रकरण के सम्बन्ध मे अपने स्तर से अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

2333

S.D.M. (V.)

दिनांक 5/6

जिलाधिकारी
देहरादून

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
जनपद देहरादून।

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg.No.19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

R
Put up letter

SSP
1/6/24

सेवा में,

1- श्रीमान सचिव महोदय- गृह विभाग , उत्तराखंड शासन
2- श्रीमान सचिव महोदय- राजस्व विभाग, उत्तराखंड शासन
3- श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उत्तराखंड
4- श्रीमान आयुक्त महोदय, गढ़वाल मंडल, उत्तराखंड
5- श्रीमान जिलाधिकारी महोदय, जनपद देहरादून , उत्तराखंड
6- श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद देहरादून, उत्तराखंड
7- श्रीमान उप-जिलाधिकारी, तहसील विकासनगर, देहरादून,उत्तराखंड
8- श्रीमान थानाध्यक्ष महोदय, थाना- प्रेमनगर, जनपद देहरादून, उत्तराखंड

महोदय,

प्रार्थिनी सविनय निम्न निवेदन करती है:-

यह कि ग्राम चौकी तहसील विकासनगर जिला देहरादून के खाता खतौनी संख्या 141 के संख्या 137 एवं 146 आदि पर राजस्व अभिलेखों में अंकित एक वर्षो पुराना आम रास्ता श्मशान घाट एवं काश्तकारो की भूमि से होता हुआ खाराखेत एवं सेला गाँव के लिए जाता है, जोकि राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6-2 / सड़क के रूप में अंकित है जोकि ग्राम चौकी के सजरे में भी दर्शित व अंकित है उक्त रास्ता कई दशकों से ग्रामवासी उपयोग में लेते आये हैं ।

यह कि ग्रामीणों के सुगम अवागमन हेतु श्री चमन सिंह, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा जिला योजना के अंतर्गत पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था परन्तु श्री कोविद अहूजा एवं अन्य भू-माफियाओं द्वारा अपनी जान पहचान एवं पैसे के बल पर उक्त पक्की सड़क को ध्वस्त कर दिया गया है एवं आये दिन आम रास्ता बाधित कर अतिक्रमण किए जाने के प्रयास किया जा रहा है, परन्तु ग्राम वासियों द्वारा उक्त रस्ते को कभी भी अतिक्रमित होने नहीं दिया है एवं वर्तमान में भी उक्त रास्ता ग्रामवासी द्वारा उपयोग में लाया जाता है ।

आपको सादर अवगत कराना है कि पूर्व मे भी दिनांक 14-05-24 को कोविद अहूजा एवं उसके साथियो द्वारा मार्ग को अवरुद्ध करने एवं अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया था जिसके विरोध में ग्रामीणों द्वारा स्थल पर धरना-प्रदर्शन किया गया था जोकि समाचार-पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक समाचार पटल में भी प्रकाशित हुआ है । (प्रति संलग्न है)

दिनांक 15-05-24 को श्रीमान जिलाधिकारी महोदय को ग्राम वासियों द्वारा संयुक्तरूप से एक ज्ञापन दिया गया था जिस पर श्रीमान उप-जिलाधिकारी, विकासनगर द्वारा जांच की जा रही है तथा उक्त जांच के क्रम में ग्राम के पटवारी की आख्या दिनांक 29-05-2024 में भी उक्त रास्ते की पुष्टि की गयी है । (प्रति संलग्न है)

आपको सादर अवगत कराना है कि मा० सीविल जज सी० डी०, देहरादून के वाद संख्या 763 वर्ष 2006 गंभीर सिंह आदि बनाम अपर्णा एक्सप्लोसिव द्वारा कोविद अहूजा में पारित

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg. No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

अंतरिम आदेश दिनांक 13-10-15 में भी कोविद अहूजा / अपर्णा एक्सप्लोसिव उक्त रास्ते पर अपना स्वामित्व एवं अध्यासन साबित करने में असफल रहें है ।

महोदय दिनांक 31-05-2024 की सुबह करीब 9 बजे कोविद अहूजा द्वारा 10-15 लोगो को भेज कर पुनः गेट लगा कर ग्राम वासियों का आम रास्ता बंद करने का प्रयास किया गया परन्तु ग्रामीणों को सूचना मिलते ही सभी ग्राम वासी मौके पर पहुँच कर विरोध किया जिसके बाद उक्त सभी लोग अपना सामान लेकर वहां से भाग गए ।

श्रीमान उक्त कोविद अहूजा द्वारा उत्तराखंड राज्य के कई बड़े-बड़े अधिकारीयों का नाम लेकर ग्रामवासियों को धमकाया गया है कि मेरी पहुँच बहुत गेहरी है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है और तुम गाँव वाले अगर इस रास्ते को उपयोग करोगे तो किसी भी झूठे मुकदमें में फसाकर जेल की हावा खिल्वादुंगा ।

महोदय कोविद अहूजा एवं उसके साथी तथा उसके कर्मचारी आय-दिन उपरोक्त रस्ते / मार्ग को कभी ट्रक खड़ा करके, कभी रास्ता लाठी डंडो से बाधित कर, कभी गेट लगाने की मंशा से निरंतर लड़ाई-झगडा करतें रहतें है एवं कोई जो भी उसके खिलाफ बोलता है तो उसको धमकातें है और गाली-गलौच कर मार-पीट आदि भी करते है जिससे गाँव में भय एवं अशांति का माहौल बना रहता है एवं हम सभी ग्रामीणों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है ।

अतः आप महोदय से निवेदान है कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए न्यायोचित कार्यवाही करने की कृपा करें तथा सम्बंधित अधिकारी को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें ताकि ग्रामवासियों के मौलिक अधिकारों का हनन न हो तथा आम रास्ता बाधित ना हो ।

संलग्न :

1- खसरा संख्या 137, 146 सजरे की प्रति
2- खाता संख्या 141 की प्रति
3- पटवारी की आख्या दिनांक 29-05-2024
4- सीविल न्यायालय वाद संख्या 763 वर्ष 2006 के आदेश की प्रति
5- विवादित स्थल की फोटो
6- समाचार-पत्रों की प्रति
7- जिला योजना सड़क निर्माण योजना की प्रति

प्रार्थिनी

प्रतिमा शर्मा पत्नी श्री मनीष कुमार
...लां, तहसील विकासनगर, दे० दून

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg. No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

महोदय

संलग्न प्रार्थनापत्र श्री अजय, शुभम, मनीषकुमार आदि समस्त निवासीगण चौकी तहसील विकासनगर जिला देहरादून बाबत आमरास्ते पर अतिक्रमण किये जाने का प्रयास किये जाने के सम्बन्ध में जाँच आख्या निम्न प्रकार है।-

1:- ग्राम चौकी परगना पछुवादून तहसील विकासनगर जिला देहरादून के भूमि खसरा नम्बर 137 पर सड़क राजस्व शजरे में दर्शित है तथा स्थल पर वर्तमान में भी सड़क गतिमान/प्रयोग में लाई जा रही है।

2:- भूमि खसरा नम्बर 137 का कुल क्षेत्रफल 0.3570 है राजस्व अभिलेख में अंकित है। खसरा नम्बर विभिन्न खण्डों 137क, 137ख, 137ग 137घ, 137ड़, 137च व 137छ में विभक्त है। खाता संख्या 141 के भूमि खसरा नम्बर 137क/0.0300 है भूमि श्रेणी 6(2) के रूप में सड़क के नाम से तथा खाता संख्या 136 के भूमि खसरा नम्बर 137ख/0.2200 है भूमि श्रेणी 5-3-क-1 के रूप में जंगलात विभाग के नाम राजस्व अभिलेखों में अंकित है।

3:- भूमि खाता संख्या 24, 25 व 13 के भूमि खसरा नम्बरों 137ग/0.0050, 137ड़/0.0570 व 137छ/0.0100 है कुल 0.0720 है भूमि कोविन्द आहूजा पुत्र आर.के. आहूजा नि. 12 म्युनिसपल रोड दे.दून के नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर, खाता 6 के भूमि खसरा नम्बर 137घ/0.0100 है भूमि अपरना एक्सक्लोसिव 63 गाधी रोड दे.दून द्वारा एस. एस. आहूजा के नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर तथा खाता संख्या 5 के भूमि खसरा नम्बर 137च/0.0250 (.0250 है) भूमि अनिल सरोतिया पुत्र उत्तम कुमार नि. प्रीतम रोड दे.दून के नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर राजस्व अभिलेखों में अंकित है।

क्रमशः 2 पर

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg.No.19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

4:- इस प्रकार भूमि खसरा नम्बर 137 मे 0.2500 है भूमि सड़क व वन विभाग तथा 0.1070 है भूमि भूमिधरी भूमि राजस्व अभिलेखो मे अंकित है।

5:- भूमि खसरा नम्बर नम्बर 137क/.0300 है भूमि श्रेणी 6(2) सड़क के नाम है के साथ लगते हुए भूमि खसरा नम्बर 146 के खण्ड 146ग/.0600 है भूमि भी राजस्व अभिलेखो मे श्रेणी 6(2) सड़क के नाम अंकित है।

6:- ग्रामीणो का कथन है कि भूमि खसरा नम्बर 137 पर बने रास्ते को इस ख.न. के सहखातेदार अतिक्रमित करने का प्रयास करते है। जिससे ग्रामीणो व उनके मध्य वाद विवाद की सम्भावना बनी रहती है। ग्रामीणो द्वारा इस भूमि पर पूर्व मे चले दीवानी वाद संख्या 763/2006 सी.जी.सी.न. 2721/2013 के आदेश की छाया प्रति (अप्रमाणित) संलग्न की है जिसमे गम्भीर सिंह पुत्र स्व. इन्द्र सिंह अनिल श्रोत्रिय पुत्र स्व. उत्तम कुमार बनाम अर्पणा स्वसल्लोसिव (प्लास्टिक मैटेरियल) गोयल द्वारा स्वामी श्री को सिंह आहूजा मे पारित निर्णय आदेश दिनांक 13.10.2015 के अनुसार वादीगण का वाद प्रतिवादी के विरुद्ध निरस्त एवं प्रतिवादी का प्रतिदावा वादीगण के विरुद्ध खारिज किया गया है।

- स्थल पर ग्रामीणो व ख.न. 137 के सहखातेदारो के मध्य सड़क के अतिक्रमण की आशंका को लेकर विवाद बना है जिससे भविष्य मे मारपीट आदि/शान्तिभंग की आशंका उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणो द्वारा विरोध प्रदर्शन के समाचारो की छाया प्रतियां (समाचार पत्र) भी प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न की है।

आख्या उचित कार्यवाही हेतु सेवा मे प्रेषित है।

29/5/2024

मनोज मिश्रा
राजस्व उप निरीक्षक
क्षेत्र [illegible]
तहसील विकासनगर देहरादून

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
[illegible](01)2002
GOVT. UTTARAKHAND (INDIA)

महोदय

संलग्न प्रार्थना पत्र श्रीमती प्रतिमा शर्मा पत्नी श्री मनीष कुमार निवासी हरियावाला कला व श्री अशोक नेगी पुत्र स्व श्री शम्भु सिंह नि ढोलास एक ही विषय से सम्बन्धित है जिसमें प्रार्थीगणों द्वारा ग्राम चौकी परगना पछवादून तहसील विकासनगर जिला देहरादून

821 के भूमि खसरा नम्बर 137 से विपक्षी कोविन्द आहूजा द्वारा आम रास्ते

907 पर किये गये अतिक्रमण को हटाये जाने एवं मौके पर शान्ति व्यवस्था

908 बनाये रखने की प्रार्थना की है। प्रकरण पर पूर्व में दिनांक 27/5/2024 को आख्या प्रेषित की जा चुकी है पूर्व प्रेषित आख्या छायाप्रति संलग्न है। इसी प्रकरण पर माननीय न्यायालय अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल कैम्प देहरादून में योजित वाद संख्या 19/2023-2024 प्रतिमा शर्मा बनाम अपर्णा एक्सक्लोसिव में मा न्यायालय के आदेश / तहसीलदार विकासनगर महोदय के मौखिक आदेश के क्रम में पुलिस बल के साथ स्थलीय जांच की गई थी जाँच आख्या छायाप्रति संलग्न है। न्यायालय राजस्व परिषद में एक निगरानी अपर्णा एक्सक्लोसिव बनाम श्रीमती प्रतिमा शर्मा वर्तमान में गतिमान है मा न्यायालय के आदेश दिनांक 23.7.2024 की छायाप्रति संलग्न है। भूमि खसरा नम्बर 137 राजस्व शजरे में सड़क के रूप में दर्शित है जिसके भूमिधरी भूमि, वन विभाग व रास्ता राजस्व अभिलेखों में अंकित है। ग्रामीण / प्रार्थीगण इसी रास्ते पर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत कर रहे हैं। वर्तमान में शजरे में भूमि खसरा नम्बर 136 के अन्तिम सिरे पर रास्ता भूमि खसरा नम्बर 134 की सीमा के साथ दर्शित है जिस स्थान पर तारबाड लगी है तथा भूमि खसरा नम्बर 122 जो वन विभाग की सीमा में है से एक रास्ता चल रहा है। उपरोक्त फोटोग्राफ भी प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न है।

आख्या उचित कार्यवाही हेतु सेवा में प्रेषित है।

454
8/11/24

(हस्ताक्षर)
8/11/2024

मनोज मिश्रा
राजस्व उप निरीक्षक
क्षेत्र ... (अति)
तहसील विकासनगर देहरादून

प्र प्रतिलिपि

(हस्ताक्षर)
उप जिलाधिकारी
तहसील-विकासनगर
देहरादून
दिनांक— 20/11/24

महोदय
— राजस्व उपनिरीक्षक आख्या आख्या प्रेषित।

(हस्ताक्षर)
13/11/2024

Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg.No.19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

Email- sdm.vikasnagar@gmail.com

(प्रपत्र–10)

अनुरोधकर्ता को सूचना देने संबंधी प्रपत्र

कार्यालय लोक सूचना अधिकारी / उप जिलाधिकारी, विकासनगर।

संख्या– 763 / पी0ए0 / सू0का0अ0–2024 दिनॉक 20 दिसम्बर, 2024

विशयः– **सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध मे।**

श्री मनीष कुमार पुत्र स्व0 श्री दर्शन लाल
निवासी हरियावालाकलां जिला देहरादून।(मो0नं0– 8958481543)

उपरोक्त विषयक सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत आपका अनुरोध पत्र दिनांक 28.11.2024 जो इस कार्यालय में दिनांक 05.12.2024 को प्राप्त हुआ है का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। आपके अनुरोधपत्र में चाही गयी सूचना में उल्लेखित पत्र में तहसीलदार विकासनगर के द्वारा उपलब्ध करायी गयी जॉच आख्या की प्रति संलग्न कर सूचनार्थ प्रेषित है।

यदि आप दी गयी उपरोक्त सूचना से संतुष्ट न हों तो इस विभाग के प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारी जिनका पता निम्न है से इस पत्र की प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर अपील कर सकते हैं।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

प्रथम अपीलीय अधिकारी

लोक सूचना अधिकारी /
उप जिलाधिकारी।
विकासनगर।

अपर जिलाधिकारी (प्र0),
देहरादून।

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg.No.19(01)2002
GOVT. OF UTTARAK...(INDIA)

महोदय

संलग्न प्रार्थनापत्र श्री अकरम, गुलाम, सतीषकुमार आदि समस्त निवासीगण चौकी तहसील विकासनगर जिला देहरादून बाबत आम रास्ते पर अतिक्रमण किये जाने का प्रयास किये जाने के सम्बन्ध में जाँच आख्या निम्न प्रकार है:-

1:- ग्राम चौकी परगना पछवादून तहसील विकासनगर जिला देहरादून के भूमि खसरा नम्बर 137 पर सड़क राजस्व रिकार्ड मे दर्शित है तथा स्थल पर वर्तमान में भी सड़क गतिमान / प्रयोग में लाई जा रही है।

2:- भूमि खसरा नम्बर 137 का कुल क्षेत्रफल 0.3570 है राजस्व अभिलेख में अंकित है। खसरा नम्बर विभिन्न खण्डो। 137क, 137ख, 137ग 137घ, 137ड़, 137-च व 137छ में विभक्त है। खाता संख्या 141 के भूमि खसरा नम्बर 137क/0.0300 है भूमि श्रेणी 6(2) के रूप में सड़क के नाम से तथा खाता संख्या 136 के भूमि खसरा नम्बर 137ख/0.2200 है भूमि श्रेणी 5-3-क-1 के रूप में जंगलात वन विभाग के नाम राजस्व अभिलेखो मे अंकित है।

3:- भूमि खाता संख्या 24, 25 व 13 के भूमि खसरा नम्बरो 137ग/0.0050, 137ड़/0.0570 व 137छ/0.0100 है कुल 0.0720 है भूमि को बिन्दु काहूजा पुत्र आर.के. काहूजा नि. 12 म्युनिसपल रोड दे.दून के नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर, खाता 6 के भूमि खसरा नम्बर 137घ/0.0100 है भूमि अपरना एक्सक्लोसिव 63 गाँधी रोड दे.दून द्वारा एस. एम काहूजा के नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर तथा खाता संख्या 5 के भूमि खसरा नम्बर 137-च/0.0250 (0.0250 है) भूमि अनिल सरोलिया पुत्र उत्तम कुमार नि. प्रीतम रोड दे.दून के नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर राजस्व अभिलेखो मे अंकित है।

[signature]

क्रमशः 2 पर

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Reg.No.19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

4:- इस प्रकार भूमि खसरा नम्बर 137 में 0.2500 है भूमि सड़क व वन विभाग तथा 0.1070 है भूमि भूमिधरी भूमि राजस्व अभिलेखों में अंकित है।

5:- भूमि खसरा नम्बर नम्बर 137क/0.0300 है भूमि श्रेणी 6(2) सड़क के नाम है के साथ लगते हुए भूमि खसरा नम्बर 146 के खण्ड 146ग/0.0600 है भूमि की राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6(2) सड़क के नाम अंकित है।

6:- ग्रामीणों का कथन है कि भूमि खसरा नम्बर 137 पर बने रास्ते को इस ख.न. के सहखातेदार अतिक्रमित करने का प्रयास करते हैं। जिससे ग्रामीणों व उनके मध्य वाद विवाद की सम्भावना बनी रहती है। ग्रामीणों द्वारा इस भूमि पर पूर्व में चले दीवानी वाद संख्या 763/2006 सी.जी.सी.न.-2721/2013 के आदेश की छाया प्रति (प्रमाणित) संलग्न की है जिसमें गम्भीर सिंह पुत्र स्व. इन्दर सिंह अनिल सोतिया पुत्र स्व. उत्तम कुमार बनाम अर्पणा एक्सप्लोसिव (प्लास्टिक मैटिरियल) गोदाम द्वारा स्वामी श्री ओ विरुद्ध आहूजा में पारित निर्णय आदेश दिनांक 13.10.2015 के अनुसार वादीगण का वाद प्रतिवादी के विरुद्ध निरस्त एवं प्रतिवादी का प्रतिदावा वादीगण के विरुद्ध खारिज किया गया है।

- स्थल पर ग्रामीणों व ख.न. 137 के सहखातेदारों के मध्य सड़क के अतिक्रमण की आशंका को लेकर विवाद बना है जिससे भविष्य में मारपीट आदि/शान्तिभंग की आशंका उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन के समाचारों की छाया प्रति (समाचार पत्र) भी प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न की है।

आख्या उचित कार्यवाही हेतु सेवा में प्रेषित है।

(हस्ताक्षर) 29/5/2024

मनोज मिश्रा
राजस्व उप निरीक्षक
क्षेत्र ई.टी.जी.आ.सा.सक्का (अति)
तहसील विकासनगर देहरादून

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg.No.19(01)2002
U.S. OF UTTARAKHAND (INDIA)



NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg.No.19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)



ख.नं 134 सीमा

वन विभाग

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg. No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

उपस्थिति पत्र/संयुक्त आख्या

आज दिनांक 22/6/2024 को ग्राम-चौकी परगना पछुवादून तहसील विकासनगर मे तहसीलदार विकासनगर के मौखिक आदेश के क्रम मे वाद संख्या 19/2023-24 प्रतिभाशर्मा बनाम अपर्णा एक्सप्लोसिव आदि मे मा. न्यायालय अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल कैम्प देहरादून मे पारित आदेश दिनांक 15/6/2024 के अनुपालन मे पूर्व सूचना के द्वारा पक्षकारो को स्थल पर उपस्थिति हेतु सूचित किये जाने के उपरान्त स्थल पर उपस्थित हुए। पक्षकारो को आदेश दिनांक 15/6/2024 को दिखाया एवं पढ़ाया गया और पुलिस बल की उपस्थिति मे आदेश की प्रति भी उपलब्ध कराई गई एवं पक्षकारो को मा. अपर आयुक्त के आदेश मे उल्लिखित प्रतिवादीगण को ग्राम चौकी परगना पछुवादून तहसील विकासनगर के खसरा नम्बर 1375/46 मे प्रश्नगत रास्ते की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किये जाने एवं रास्ते की आवाजाही को मौके पर निर्बाध रूप से बनाये रखे जाने हेतु सूचित किया गया। स्थल पर उपस्थित थानाध्यक्ष प्रेमनगर द्वारा भी पक्षकारो को सूचित किया गया है कि आदेश के अनुपालन न करने की दिशा मे उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी। स्थल पर वर्तमान का रास्ते के आवागमन का नजरी नक्शा पृथक से संलग्न है। उपस्थित व्यक्तियो की उपस्थिति निम्न प्रकार है:-

1:- अनिल देवरानी – प्रतिनिधि/मैनेजर अपर्णा एक्सप्लोसिव
पुत्र स्व. आर.पी. देवरानी (हस्ताक्षर करने से मना किया गया)

2:- मोमिन खान S/o स्व. मुस्तफा खान 9568200055 (हस्ताक्षर करने से मना किया)

3:- आकेश आहूजा पुत्र नरेन्द्र आहूजा - 7897859802

4:- मनीष शर्मा पुत्र स्व. दर्शन सिंह 9548563303 मनीष कुमार

P.T.O.

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
GOVT. OF UTTARAKHAND INDIA

1- श्री प्रतिभा शर्मा प/० मनीष कुमार
द्वारा प्रतिनिधि/अधिवक्ता सचिन शर्मा
7500775413 22/6/24

2- भगवान सिंह S/o सीताराम पूर्व ग्राम प्रधान ग्राम चौकी 9759319812 भगवान सिंह 22/06/2024

3- अशोक नेगी S/o शमशेर सिंह पूर्व ग्राम प्रधान हरियावाला कलां 7351351999

5- श्री गिरीश नेगी — अध्यक्ष — व्यापार मंडल 9411112188 22/6/24

6 मनोज मिश्रा रा० ग्राम हरियावाला कलां (भा०) 9927213578 22/6/2024

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg. No. 19(01)2002
GOVT. OF UTTARA... (INDIA)

नजरी नक्शा ग्राम चौकी परगना पछवादून
तहसील विकासनगर



22/6/2024

NOTARY
Rajender Singh Negi
Advocate
Dehradun District
Reg. No. 13(91)2002
UTTAR

9153

सेवा में,

1- श्रीमान सचिव महोदय- गृह विभाग , उत्तराखंड शासन
2- श्रीमान सचिव महोदय- राजस्व विभाग, उत्तराखंड शासन
3- श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उत्तराखंड
4- श्रीमान आयुक्त महोदय, गढ़वाल मंडल, उत्तराखंड
5- श्रीमान जिलाधिकारी महोदय, जनपद देहरादून , उत्तराखंड
6- श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद देहरादून, उत्तराखंड
7- श्रीमान उप-जिलाधिकारी, तहसील विकासनगर, देहरादून,उत्तराखंड
8- श्रीमान थानाध्यक्ष महोदय, थाना- प्रेमनगर, जनपद देहरादून, उत्तराखंड

महोदय,

प्रार्थिनी सविनय निम्न निवेदन करती है:-

यह कि ग्राम चौकी तहसील विकासनगर जिला देहरादून के खाता खतौनी संख्या 141 के संख्या 137 एवं 146 आदि पर राजस्व अभिलेखों में अंकित एक वर्षो पुराना आम रास्ता श्मशान घाट एवं काश्तकारो की भूमि से होता हुआ खाराखेत एवं सेला गाँव के लिए जाता है, जोकि राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6-2 / सड़क के रूप में अंकित है जोकि ग्राम चौकी के सजरे में भी दर्शित व अंकित है उक्त रास्ता कई दशकों से ग्रामवासी उपयोग में लेते आये हैं ।

यह कि ग्रामीणों के सुगम अवागमन हेतु श्री चमन सिंह, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा जिला योजना के अंतर्गत पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था परन्तु श्री कोविद अहूजा एवं अन्य भू-माफियाओं द्वारा अपनी जान पहचान एवं पैसे के बल पर उक्त पक्की सड़क को ध्वस्त कर दिया गया है एवं आये दिन आम रास्ता बाधित कर अतिक्रमण किए जाने के प्रयास किया जा रहा है, परन्तु ग्राम बासियों द्वारा उक्त रस्ते को कभी भी अतिक्रमित होने नहीं दिया है एवं वर्तमान में भी उक्त रास्ता ग्रामवासी द्वारा उपयोग में लाया जाता है ।

आपको सादर अवगत कराना है कि पूर्व मे भी दिनांक 14-05-24 को कोविद अहूजा एवं उसके साथियो द्वारा मार्ग को अवरुद्ध करने एवं अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया था जिसके विरोध में ग्रामीणों द्वारा स्थल पर धरना-प्रदर्शन किया गया था जोकि समाचार-पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक समाचार पटल में भी प्रकाशित हुआ है । (प्रति संलग्न है)

दिनांक 15-05-24 को श्रीमान जिलाधिकारी महोदय को ग्राम वासियों द्वारा संयुक्तरूप से एक ज्ञापन दिया गया था जिस पर श्रीमान उप-जिलाधिकारी, विकासनगर द्वारा जांच की जा रही है तथा उक्त जांच के क्रम में ग्राम के पटवारी की आख्या दिनांक 29-05-2024 में भी उक्त रास्ते की पुष्टि की गयी है । (प्रति संलग्न है)

आपको सादर अवगत कराना है कि मा० सीविल जज सी० डी०, देहरादून के वाद संख्या 763 वर्ष 2006 गंभीर सिंह आदि बनाम अपर्णा एक्सप्लोसिव द्वारा कोविद अहूजा में पारित

सत्य प्रतिलिपि
लोक सूचना अधिकारी
तहसील-विकासनगर
देहरादून
दिनांक- 20/12/24

951

821

NOTARY
Advocate
Dehradun District
Regn.No.19(01)2002
UTTARA... (INDIA)

...वारम आदेश दिनांक 13-10-15 में भी कोविद अहूजा / अपर्णा एक्सप्लोसिव उक्त रास्ते पर अपना स्वामित्व एवं अध्यासन साबित करने में असफल रहें है ।

महोदय दिनांक 31-05-2024 की सुबह करीब 9 बजे कोविद अहूजा द्वारा 10-15 लोगो को भेज कर पुनः गेट लगा कर ग्राम वासियों का आम रास्ता बंद करने का प्रयास किया गया परन्तु ग्रामीणों को सूचना मिलते ही सभी ग्राम वासी मौके पर पहुँच कर विरोध किया जिसके बाद उक्त सभी लोग अपना सामान लेकर वहां से भाग गए ।

श्रीमान उक्त कोविद अहूजा द्वारा उत्तराखंड राज्य के कई बड़े-बड़े अधिकारीयों का नाम लेकर ग्रामवासियों को धमकाया गया है कि मेरी पहुँच बहुत गेहरी है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है और तुम गाँव वाले अगर इस रास्ते को उपयोग करोगे तो किसी भी झूठे मुकदमें में फसाकर जेल की हावा खिल्वादुंगा ।

महोदय कोविद अहूजा एवं उसके साथी तथा उसके कर्मचारी आय-दिन उपरोक्त रस्ते / मार्ग को कभी ट्रक खड़ा करके, कभी रास्ता लाठी डंडो से बाधित कर, कभी गेट लगाने की मंशा से निरंतर लड़ाई-झगडा करतें रहतें है एवं कोई जो भी उसके खिलाफ बोलता है तो उसको धमकातें है और गाली-गलौच कर मार-पीट आदि भी करते है जिससे गाँव में भय एवं अशांति का माहौल बना रहता है एवं हम सभी ग्रामीणों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है ।

अतः आप महोदय से निवेदान है कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए न्यायोचित कार्यवाही करने की कृपा करें तथा सम्बंधित अधिकारी को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें ताकि ग्रामवासियों के मौलिक अधिकारों का हनन न हो तथा आम रास्ता बाधित ना हो ।

संलग्न :

1- खसरा संख्या 137, 146 सजरे की प्रति
2- खाता संख्या 141 की प्रति
3- पटवारी की आख्या दिनांक 29-05-2024
4- सीविल न्यायालय वाद संख्या 763 वर्ष 2006 के आदेश की प्रति
5- विवादित स्थल की फोटो
6- समाचार-पत्रों की प्रति

प्रार्थिनी

Pratima

प्रतिमा शर्मा पत्नी श्री मनीष कुमार
हरियावाला कलां, तहसील विकासनगर, दे० दून
मो० ..

प्राप्त प्रतिलिपि
सूचना अधिकारी
तहसील-विकासनगर
देहरादून
दिनांक- 20/12/24

NOTARY
Rajendra Singh Negi
Advocate
Regd. 15/03/2002
UTTARAKHAND (INDIA)

Outlook

ORIGINAL APPLICATION NO. 824/2024 PRAVEEN KUMAR GAUTAM VERSUS PWD BHATWARI, UTTARKASHI & ORS

From dhruv tamta <tamtaadvocates@outlook.com>
Date Tue 2025-07-08 14:09
To ARTAKKAR@ARTLO.IN <ARTAKKAR@ARTLO.IN>
Cc artakkar@artlo.in <artakkar@artlo.in>

1 attachment (7 MB)
Compliance Affidavit on behalf of R6- SSP.pdf.pdf;

Sir,

Please find Compliance Affidavit of on behalf of the Respondent No. 6

regards
Dhruv Tamta
Advocate
+91-9899989917

Disclaimer: The content of this electronic communication is intended solely for the use of the individual or entity to whom it is addressed and any others who are specifically authorized to receive it. It may contain confidential or legally privileged information. If you are not the intended recipient you are hereby notified that any disclosure, copying, distribution or otherwise placing reliance on the contents of this information is prohibited and may be unlawful in certain legal jurisdictions. If you have received this communication by error please notify the sender immediately and then delete it from your system.

Security Warning: Although this e-mail and its attachments are believed to be free from any virus, it is the responsibility of the recipient to ensure that they are virus free.

Please consider the environment before printing this e-mail.